ont>

Title: Regarding arrest of the Chairman of Polaris software by Indonesian authorities.

**श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, पोलारिस के चेयरमैन और उनके एक साथी को पिछले दिनों इंडोनेशिया में गिरफ्तार किया गया। यह सवाल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी का नहीं है। वह अर्थ गृह बैंक जो इंडोनेशिया का है, वहां उनको बुलाया गया और फिर पुलिस को सौंप दिया गया। अगर कोई व्यावसायिक विवाद है तो भी दूसरे देश के नागरिक के साथ यह बर्ताव नहीं किया जा सकता। यह एक व्यक्ति की गिरफ्तारी का सवाल नहीं है, सवाल राट्र के सम्मान का है। इसके कारण जहां एक तरफ राट्र की प्रतिभा पर चोट लगी है, वह धूमिल हुई है, वहां दूसरी ओर हमारे उद्यमियों का मनोबल गिरेगा। मुझे याद है कि 1984 में भोपाल गैस कांड के समय जब यूनियन कार्बाइड से गैस निकली थी तो 3000 से ज्यादा निर्दोा नागरिक मारे गये थे और उस कंपनी के अध्यक्ष एंडरसन को हम दस मिनट भी गिरफ्तार करके नहीं रख पाए थे जबकि हमारे देश के एक नागरिक को इस ढंग से इंडोनेशिया में गिरफ्तार किया गया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ और माननीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने प्रयास भी किये हैं, लेकिन भारत सरकार इस मामले में कठोर कदम उठाए और ज़रूरत पड़े तो प्रधान मंत्री भी इसमें हस्तक्षेप करें। â€¦ (व्यवधान)

SHRI BIKRAM KESHARI DEO (KALAHANDI): I would also like to associate with what Shri Shivraj Singh Chouhan has said because I am a Member of that organisation.

MR. SPEAKER: All right, you are also allowed to associate.